Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 8+2 Map

Total No. of Questions : 20

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड (12वीं) वार्षिक परीक्षा, 2025-26

**विषय कोड : 1217**

## भूगोल

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश :** (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, **46** अंक।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक **6** से **11** तक अति लघु प्रश्न हैं, **18** अंक, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक **12** से **18** तक लघु प्रश्न हैं, **28** अंक, प्रत्येक प्रश्न **4** अंक।

(*v*) प्रश्न क्रमांक **19** से **20** मानचित्र है, **8** अंक, प्रत्येक प्रश्न **4** अंक।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए : 12

(1) मानव भूगोल के पितामह कौन हैं ?

(*a*) रेटजेल

(*b*) हमबोल्ट

(*c*) मार्शल

(*d*) सेम्पुल

(2) निम्न में से कौनसा प्रतिकर्ष कारक है ?

(a) बेरोजगारी

(b) स्थानान्तरण

(c) शादी होना

(d) शिक्षा मिलना

(3) निम्न में से एकल कृषि नहीं है :

(a) डेरी कृषि

(b) रोपण कृषि

(c) मिश्रित कृषि

(d) वाणिज्यिक कृषि

(4) भारत के किस राज्य में नगरीय जनसंख्या सर्वाधिक है ?

(a) महाराष्ट्र

(b) तमिलनाडु

(c) गोवा

(d) केरल

(5) भारत में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है :

(a) उत्तर प्रदेश

(b) मध्य प्रदेश

(c) राजस्थान

(d) केरल

(6) निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रमुख तेल क्षेत्र है ?

(*a*) असम

(*b*) बिहार

(*c*) मथुरा

(*d*) केरल

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : 12

(1) मानव प्रकृति की पूजा करता था, वाद कहलाया ........................ है।

(2) मानव प्रकृति पर विजय ........................ कहलाता है।

(3) चौराहे पर लाइट सिगनल का उदाहरण वाद में ........................ विद्वान ने दिया है।

(4) ........................ विश्व का सबसे घना बसा क्षेत्र है।

(5) विश्व पर्यावरण और विकास आयोग की स्थापना ........................ ने की।

(6) पवन से टरबाईन घुमाने से ........................ उत्पन्न होती है।

3. सत्य/असत्य लिखिए – 12

(1) रेटजेल मानव भूगोल के पितामह हैं।

(2) बिहार और सिक्किम में ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशत अधिक है।

(3) भारत की जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर 1.4 है।

(4) कोलकाता शैक्षणिक नगर है।

(5) यमुना नदी देश की सबसे अधिक प्रदूषित नदी है।

(6) कुल क्षेत्र में रहने वाली जनसंख्या को घनत्व कहते हैं।

4. सही जोड़ी बनाइए – 5

| 'A' | | 'B' |
|---|---|---|
| (1) परिवहन नगर | – | कांडला |
| (2) विश्राम पत्तन | – | राजस्थान |
| (3) फ्लोराइड का संकेन्द्रण | – | सिंगापुर |
| (4) प्रौद्योगिकी ध्रुव | – | जिनेवा |
| (5) विश्व व्यापार संगठन | – | सिलीकन घाटी |

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए – 5

(1) जनसंख्या घनत्व का सूत्र लिखिये।

(2) जनसंख्या वृद्धि को किस रूप में प्रदर्शित करते हैं ?

(3) नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन में किन खनिजों का उपयोग होता है ?

(4) उड़ीसा की प्रमुख नदी घाटी परियोजना कौनसी है ?

(5) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है ?

अति लघु प्रश्न अंक 18 :

6. मानव के प्रकृतिकरण की **तीन** विशेषतायें लिखिये। 3

**अथवा**

प्रकृति के मानवीयकरण की **तीन** विशेषतायें लिखिये।

7. लघु उद्योग की **तीन** विशेषताएँ लिखिये। 3

**अथवा**

कुटीर उद्योग किसे कहते हैं ? कोई **तीन** विशेषतायें लिखिये।

8. चतुर्थक आर्थिक क्रिया क्या है ? 3

**अथवा**

तृतीयक आर्थिक क्रिया क्या है ?

9. परिवहन संचार में **तीन** अन्तर लिखिये। 3

**अथवा**

थोक एवं फुटकर व्यापार में **तीन** अन्तर लिखिये।

10. ग्रामीण जनसंख्या किसे कहते हैं ? कार्य लिखिये। 3

**अथवा**

नगरीकरण क्या है ? कार्य लिखिये।

11. भारत में ग्रामीण बस्तियों के प्रतिरूप लिखिये। 3

**अथवा**

विश्व की ग्रामीण बस्तियों के प्रकारों के नाम लिखिये।

लघु उत्तरीय प्रश्न, अंक 28 :

12. खनिज संरक्षण क्यों आवश्यक है ? 4

**अथवा**

खनिज संरक्षण के कोई **चार** उपाय लिखिये।

13. जनसंख्या वृद्धि क्या है ? कारण लिखिये। 4

**अथवा**

जनसंख्या परिवर्तन के **चार** कारण दीजिये।

14. वाणिज्यिक पशुचारण एवं चलवासी पशुचारण में अन्तर लिखिये। 4

**अथवा**

पाइपलाइन परिवहन की विशेषतायें लिखिये।

15. जनसंख्या वृद्धि के कारण लिखिये। 4

**अथवा**

राष्ट्रीय युवा नीति की विशेषतायें लिखिये।

16. व्यापार किसे कहते हैं ? प्रकार लिखिये। 4

अथवा

जल संसाधन प्रदूषण क्या है ?

17. साइबरस्पेस क्या है ? 4

अथवा

स्वेज नहर एवं पनामा नहर की तुलना कीजिए।

18. विश्व को भारत से निर्यात वस्तुयें लिखिये। 4

अथवा

भारत की आयातक वस्तुयें लिखिये।

19. विश्व के मानचित्र में दर्शाइये : 4

(1) राकी पर्वत

(2) एंडीज पर्वत

(3) आल्पस पर्वत

(4) हिमालय पर्वत

अथवा

(1) थार मरुस्थल

(2) स्टेपी घास मैदान

(3) प्रेयरी घास मैदान

(4) डाउन्स घास मैदान

20. भारत के मानचित्र में भरिये : 4

(1) डिग्बोई क्षेत्र

(2) जूट उत्पादन क्षेत्र

(3) कपास उत्पादन क्षेत्र

(4) केरल राज्य

**अथवा**

(1) चाय उत्पादन क्षेत्र

(2) थार मरुस्थल

(3) हिमालय पर्वत की ऐवरेस्ट चोटी

(4) गंगा का मैदान


संसार
THE WORLD


300 km
200 mi
© d-maps.com